सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है दरिया पूजन : देवनानी

भगवान झूलेलाल के समक्ष की आराधना, पारंपरिक छेज़ और भक्ति संगीत में भाग लिया

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को दीव में सिंधी समाज (ऊना) द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिंधी मेला-2026 के अंतर्गत आईएनएस खुकरी मेमोरियल में आयोजित पूजा बेहराणा साहिब कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान के साथ दरिया पूजन कर भगवान झूलेलाल के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा सिंधी समाज की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े आयोजन में भाग लिया।



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने दीव में वर्ल्ड सिंधी मेलो-2026 के अंतर्गत पूजा बेहराणा साहिब में सहभागिता की।

- देवनानी ने दीव के विकास, क्षेत्र की विकासात्मक गतिविधियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की
- इस अवसर पर समाज एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया
- भारत के विभिन्न क्षेत्रों तथा विदेशों से आए सिंधी समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया

कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल साहिब के समक्ष पारंपरिक छेज़ के साथ भक्ति संगीत एवं गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। देवनानी ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं के साथ इस सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता की। भारत के विभिन्न क्षेत्रों तथा विदेशों से आए सिंधी समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों, संगीत और सामूहिक छेज़ ने आयोजन को विशिष्ट सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर समाज एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया।

देवनानी ने कहा कि भगवान झूलेलाल में सिंधी समाज की अटूट आस्था तथा दरिया पूजन की परंपरा उसकी सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक चेतना का अभिन्न अंग है। सिंधी समाज ने विस्थापन और अनेक ऐतिहासिक चुनौतियों के बावजूद अपनी भाषा, संस्कृति, संस्कारों और धार्मिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखा है। विश्वभर में फैला सिंधी समाज अपनी उद्यमशीलता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के माध्यम से भारतीय सभ्यता की विशिष्ट पहचान को प्रतिष्ठित कर रहा है।

इस अवसर पर दीव के जिला कलेक्टर ने भी विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से भेंट की। इस दौरान दीव के विकास, क्षेत्र की संभावनाओं तथा विकासात्मक गतिविधियों से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।

उल्लेखनीय है कि सिंधी समाज (ऊना) द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिंधी मेलो-2026 का उद्देश्य विश्वभर में निवासरत सिंधी समाज को एक साझा मंच प्रदान करना तथा उसकी भाषा, संस्कृति, परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। आयोजन का भाव दुनिया जे सिंधियुन जो मेलो दरिया ते सिंधी समाज की वैश्विक एकजुटता और सांस्कृतिक आत्मीयता को अभिव्यक्त करता है।

कार्यक्रम के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष देवनानी दीव से रवाना होकर अहमदाबाद पहुंचे।

देवली में 3 करोड़ रूपये की स्मैक बरामद

देवली। जिलेभर मे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत टोंक पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के नेतृत्व मे नशा युक्त सफेद पाउडर स्मैक के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई सामने आई है। यह कार्रवाई जिला स्पेशल पुलिस और देवली उपखंड घाड़ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। डीएसटी टोंक और घाड थाना पुलिस ने तस्कर रमेश से 3 करोड़ रूपये की स्मैक बरामद हुई है। इसी के साथ पुलिस ने स्मैक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार टोंक जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन पर जिलेभर मे चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत टोंक डीएसटी टीम और घाड़ थाना पुलिस ने स्मैक नशा के विरुद्ध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने यह कार्रवाई देवली उपखंड के बंथली रोड पर घेराबंदी करते हुए की है। इस दौरान पुलिस ने स्मैक तस्कर रमेश पुत्र भंवरलाल तंवर निवासी घाटोली जिला

- पुलिस ने यह कार्रवाई देवली उपखंड के बंथली रोड पर घेराबंदी करते हुए की

झालावाड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने तस्कर रमेश तवर के कब्जे से 1 किलो 475 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए आरोपी से एक मोबाइल फोन और 11 सौ 60 रुपए नकद भी अपने कब्जे में ले लिए हैं। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई देवली डीएसपी मदन ढाका के सुपरविजन में घाड थाना प्रभारी हरिराम वर्मा और टोंक डीएसटी प्रभारी ओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से की है। पुलिस ने तस्कर रमेश तवर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले से जुड़े सूत्रों की जांच शुरू कर दी है।



जयपुर। गोपालबाड़ी स्थित ओके प्लस रूबी सुइट्स में रविवार को अधिवक्ता वर्तिका मेहरा के नवनिर्मित चैंबर्स का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर सिन्हा, संकल्प टोडी, बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव शशांक अग्रवाल एवं पूर्व महासचिव अंशुमान सक्सेना सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शादी समारोह में युवती की कार का शीशा तोड़कर चोरी

जयपुर। राजधानी में चोरों ने शादी समारोह में शामिल होने गई युवती की कार को निशाना बनाते हुए शीशा तोड़कर सामान चोरी कर लिया। चोर कार में रखा आईपैड, लॉ की किताबें, नकदी, मेकअप किट, पावर बैंक और एडिडास कंपनी के जूते तक ले गए। पीड़िता की शिकायत पर जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता विधुती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 20 नवंबर को वह अपनी सहेली के भाई की शादी में शामिल होने पैराडाइज मैरिज गार्डन गई थी। उसने अपने पिता की कार शाम करीब 7:30 बजे मैरिज गार्डन के सामने जेएलएन मार्ग पर खड़ी की थी। पीड़िता ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे जब वह वापस लौटी तो कार का पिछला शीशा टूटा हुआ मिला। कार की जांच करने पर उसमें रखा सामान गायब मिला। चोर आईपैड, लॉ की किताबें, मेकअप किट, पावर बैंक और अन्य सामान के साथ 5300 रुपए नकद भी चोरी कर ले गए।

जयपुर जिला परिषद के जिला प्रमुख पद के लिए कांग्रेस में आधा दर्जन नेताओं के नाम चर्चा में

जयपुर। जयपुर जिला परिषद में जिला प्रमुख का पद हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी के चुने हुए आधा दर्जन से ज्यादा वार्ड मेंबर पार्टी में अपने-अपने संपर्क सूत्रों के आधार पर जिला प्रमुख बनने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं जयपुर जिला परिषद में कांग्रेस पार्टी ने घोषित 55 वार्डों में 21 वार्डों में सफलता हासिल करके पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया था, इसलिए जयपुर जिला परिषद में कांग्रेस पार्टी का जिला प्रमुख बनना निश्चित है, जिला प्रमुख पद के लिए 25 नवंबर को नामांकन होगा, इसलिए जयपुर से लेकर दिल्ली तक जिला प्रमुख पद के उम्मीदवार के लिए पार्टी में विचार विमर्श का दौर चल रहा है, कुछ प्रमुख कांग्रेस पार्टी के वार्ड मेंबरों के नाम जिला प्रमुख पद के लिए चर्चा में चल रहे हैं, जिनमें श्रवण गुर्जर, यशवीर सुरा, तनु शर्मा और सीताराम यादव के नाम शामिल हैं।

इन चार नाम में से कांग्रेस पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाएगी या फिर इन चारों के अलावा किसी और

- कुछ प्रमुख कांग्रेस पार्टी के वार्ड मेंबरों के नाम जिला प्रमुख पद के लिए चर्चा में चल रहे हैं, जिनमें श्रवण गुर्जर, यशवीर सुरा, तनु शर्मा और सीताराम यादव के नाम शामिल हैं

वार्ड मेंबर का भाग्य खुलेगा, इसका पता तो नामांकन वाले दिन ही चल पाएगा, जब कांग्रेस पार्टी अपने घोषित उम्मीदवार को सिंबल आवंटित करेगी

उल्लेखनीय है कि उप जिला प्रमुख मोहन डागर वार्ड मेंबर का चुनाव हार गए अन्यथा मोहन डागर भी जिला प्रमुख पद के प्रमुख दावेदार होते, क्योंकि डागर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दोनों के काफी करीबी हैं, इसलिए अगर डागर चुनाव में विजय होते तो उनके जिला प्रमुख पद पर विराजमान होने के प्रबल चांस थे

जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर जिला प्रमुख पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है जिसमें महिला और पुरुष कोई भी उम्मीदवारी कर सकता है, इसलिए अगर कांग्रेस पार्टी यहां पर सामान्य वर्ग में महिलाओं में अच्छा संदेश देने के बारे में सोचेगी तो उसमें 24 साल की तनु शर्मा के नाम पर विचार करने की ज्यादा संभावना बताई जा रही है।

दूसरी तरफ श्रवण गुर्जर ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं इसलिए जातिगत समीकरण साधने की कोशिश में श्रवण गुर्जर के नाम पर विचार किया जा सकता है तो दूसरी तरफ यशवीर सुरा जो पूर्व में राजस्थान युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं और संगठन में काम करने का इन्हें अच्छा अनुभव है इसलिए इनका नाम भी चर्चा में है, इसके अलावा यादव समाज में अच्छा मैसेज देने के लिए सीताराम यादव के नाम पर भी विचार कर सकती है।

गुरु नानक देव जी का प्रकाश पुरब हर्षोल्लास से मनाया

जयपुर। सिक्ख धर्म के संस्थापक व प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के 24 नवंबर को प्रकाश पुरब के उपलक्ष्य पर रविवार को हर्षोल्लास के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। यह आयोजन पानीपेच स्थित गुरुद्वारा नेहरू नगर की ओर से जन समूह को संदेश देने के किया

- मोबाइल होर्डिंग द्वारा गुरु नानक देव जी की मुख्य शिक्षाओं का प्रदर्शन किया। पुलिस बैंड के साथ नगर कीर्तन सिंधी कॉलोनी,पुलिस अकादमी रोड से होते हुए नेहरू नगर गुरुद्वारे पहुंचा

गया। सर्वप्रथम गुरुद्वारा में भाई मंदीप सिंह द्वारा मर्यादानुसार नगर कीर्तन प्रारंभ करने के लिए अरदास की गई। उपरांत, गुरुद्वारा सचिव, सूर्य उदय सिंह के नेतृत्व में माधो सिंह सर्किल, बनीपार्क पर संगत एकत्रित हुई, जिसके पश्चात पांच प्यारों की अगुवाई में, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की फूलों से सजी पालकी निकली।

संगत ने गुरु नानक देव जी की महिमा के शबद गायन किए। पूरा वातावरण रूहानी और आत्मिक हो गया। धन गुरु नानक और जो बोले सो निहाल के जयकारे चारों तरफ गूंज रहे थे, जिसने संगत को भावविभोर कर दिया।



पानीपेच के गुरुद्वारा नेहरू नगर द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन हुआ।

नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण तख्तियों द्वारा गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का प्रदर्शन रहा। साथ ही बच्चों के गतका (मार्शल आर्ट) प्रदर्शन ने सभी को हैरान कर दिया। इसके साथ ही, मोबाइल होर्डिंग द्वारा गुरु नानक देव जी की मुख्य शिक्षाओं का प्रदर्शन किया गया। पुलिस बैंड के साथ नगर कीर्तन सिंधी कॉलोनी, भास्कर मार्ग और पुलिस अकादमी रोड से होते हुए नेहरू नगर गुरुद्वारे पहुंचा। यहां फूलों की वर्षा और आतिशबाजी के साथ नगर कीर्तन का भव्य समापन हुआ।

प्रधान जगमोहन सिंह आनंद ने बताया कि प्रकाश पुरब के उपलक्ष्य में विशेष दीवान 23 नवंबर शाम को और 24 नवंबर की सुबह से रखा जाएगा। जिसमें भाई कुलजीत सिंह जी नीरोबी वाले, भाई अरविंदर सिंह जी, हजूरी रागी दरबार साहिब, भाई हरमीत सिंह जी जम्मू-कश्मीर से शबद कीर्तन व कथा से संगत को निहाल करेंगे। शाम के दीवान में बच्चों द्वारा शबद गायन भी होगा और दोनों दिन गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा। गुरुद्वारा सचिव, सूर्य उदय सिंह ने बताया कि प्रकाश पुरब से पहले नगर कीर्तन का चलन वर्षों पुराना है। इसका उद्देश्य ईश्वरीय संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और आमजन को सेवा, एकता और भाईचारे का संदेश देना है। इसके साथ ही, जन समूहों को विभिन्न आयोजनों से अवगत करवाना भी है।

जयपुर में बाइक चोरों का आतंक

जयपुर। राजधानी में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी की लगातार वारदातों को अंजाम दिया। घरों के बाहर खड़ी बाइक से लेकर बैंक, पार्किंग और सार्वजनिक स्थानों पर रखे वाहनों तक को निशाना बनाया गया। सांगानेर, खो-नागोरियान, करणी विहार, वैशाली नगर, हरमाड़ा, मानक चौक, मानसरोवर और झालाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही वारदातों से वाहन सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सांगानेर थाना क्षेत्र में चोर दो मोटरसाइकिलें चोरी कर ले गए। खो-नागोरियान इलाके में जेएनयू के पास खड़ी बाइक को निशाना बनाया गया। वहीं, करणी विहार थाना क्षेत्र में पार्किंग और घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिलें चोरी हो गईं।

वैशाली नगर में कोटक महिंद्रा बैंक के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। हरमाड़ा थाना क्षेत्र में सीतावाली फाटक के पास रानी बाग गार्डन के बाहर खड़ी बाइक को चोर ले गए। इसके अलावा मानक चौक इलाके में गोपालजी के रास्ते से भी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है।मानसरोवर के अशोक विहार में 20 नवंबर को हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इसी दिन अग्रवाल फार्म इलाके में घर के बाहर खड़ी स्मार्ट स्प्लेंडर को भी चोर ले गए। वहीं, झालाना घोड़ इलाके में रामतीर्थ मार्ग से यामाहा आर-15 मोटरसाइकिल चोरी हुई।

मुख्यमंत्री जनादेश की वास्तविकता स्वीकार करें : टीकाराम जूली

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पंचायत राज चुनावों में भाजपा की करारी हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगता है जनता के इस स्पष्ट जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। पंचायत राज चुनावों के परिणाम भाजपा सरकार के प्रति जनता की नाराजगी और कांग्रेस के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को भाजपा से 13 लाख 95 हजार 817 वोट अधिक मिले हैं। कांग्रेस को 43.40 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए जबकि भाजपा को मात्र 37.77 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। पिछले तीन दशकों में राजस्थान के जिला परिषद चुनावों में भाजपा की यह सबसे बड़ी पराजय है। जूली ने कहा कि पंचायत समिति चुनावों में भी कांग्रेस को 39.15 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि भाजपा 33.78 प्रतिशत पर सिमट गई।

इन परिणामों से साफ है कि ग्रामीण राजस्थान ने भाजपा सरकार के खिलाफ अपना फैसला सुना दिया है। मुख्यमंत्री जी को समझना चाहिए कि जनता का विश्वास खोने के बाद केवल बयानबाजी से राजनीतिक वास्तविकता नहीं बदल सकती।

- 'जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को भाजपा से 13 लाख 95 हजार 817 वोट अधिक मिले, वोट प्रतिशत में भी कांग्रेस को स्पष्ट बढ़त'

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इससे पहले शहरी निकाय चुनावों में भी भाजपा को जनता ने करारा झटका दिया था। वहां कांग्रेस और भाजपा के बीच मतों का अंतर एक प्रतिशत से भी कम था। इसके बावजूद भाजपा ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन तमाम सरकारी ताकत और संसाधनों के इस्तेमाल के बावजूद भाजपा जनता का विश्वास नहीं जीत सकी। अब पंचायत चुनावों में आए नतीजों ने भाजपा की राजनीतिक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। जूली ने मुख्यमंत्री से कहा कि इन दोनों चुनावों के परिणामों के बाद वास्तविकता यह है कि आप जनमत खो चुके हैं। इस्तीफा देना है या नहीं, यह आपकी पार्टी का आंतरिक विषय है।लेकिन जनता का विश्वास खो चुकी।

सार-समाचार

पूर्व छात्र यूनियन मसोसा ने एमबीसीएल 6.0 की उद्घोषणा की



जयपुर। रविवार को तिलक नगर स्थित विद्यालय में पूर्व छात्र यूनियन मसौसा की बैठक मसोसा अध्यक्ष सीए शरद काबरा की अध्यक्षता में पूर्व छात्र टीमों के कप्तानों, टीम प्रायोजकों और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ सम्पन्न हुई। मसोसा विगत पांच वर्षों से सफलतापूर्वक पूर्व छात्रों में सहयोग और सद्भावना बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता एम बी सी एल का आयोजन जय क्लब में करता आ रहा है। बैठक में अगले वर्ष 2027 में होने वाला एम बीसी एल 6.0 संस्करण बैच 97 द्वारा योगेश तवंर के नेतृत्व में किया जाएगा की घोषणा करी गई। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों के सुझाव लिए गए और टीमों के प्रायोजकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ बैच 93 को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस वर्ष के एमबीसीएल 5.0 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए। बैठक में विनय अग्रवाल उपाध्याय, संजीव जैन-मंत्री अभिषेक लाटा-कोषाध्यक्ष ,राजीव नागौरी, अजय मालपाणि, कार्यकारी सदस्य एवं छात्र टीमों के कप्तानो के साथ टीम प्रायोजक उपस्थित रहे। बैठक में टीम 97 के रजत शर्मा, पवन मधेपुरिया और आशीष मोदी ने आगामी प्रतियोगिता से संबंधित अपने विचार रखे।

शादी में युवक का 3.25 लाख रुपए से भरा बैग चोरी

जयपुर। हरमाड़ा थाना इलाके में बहन की शादी में भात की रस्म निभाने पहुंचे एक युवक का रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में 3 लाख 25 हजार रुपए रखे हुए थे। घटना सीकर रोड स्थित मंगल बेला गार्डन की है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चावंड का मंड निवासी पप्पू शर्मा 21 नवंबर को अपनी बहन की शादी में भात की रस्म निभाने मंगल बेला गार्डन पहुंचा था। दोपहर करीब 2:30 बजे रस्म के दौरान उसका रुपयों से भरा बैग गायब हो गया। रस्म पूरी होने के बाद जब उसने बैग संभाला तो वह नहीं मिला। बैग में 3 लाख 25 हजार रुपए रखे हुए थे। काफी तलाश करने के बावजूद बैग का पता नहीं चलने पर पप्पू शर्मा ने हरमाड़ा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। रिंग रोड स्थित सीतारामपुरा टोल प्लाजा पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में सांगानेर सदर थाना पुलिस और जयपुर दक्षिण जिला विशेष टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल बरामद की हैं। वारदात में इस्तेमाल की गई कैंपर गाड़ी भी जब्त कर ली गई है। रविवार को पुलिस दोनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच घटनास्थल पर मौका तस्दीक के लिए लेकर पहुंची। इस दौरान दोनों आरोपी पैरों में चोट के कारण लंगड़ाकर चलते नजर आए। जयपुर दक्षिण के पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी धनराज उर्फ डीके गुर्जर (26), निवासी सूरजपुरा, जयपुर दक्षिण और बनवारी मीणा उर्फ बन्नू चांदा, निवासी थूणी मंगलदास, जयपुर दक्षिण हैं। प्लाजा पर बिना नंबर की कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने टोल का बैरियर तोड़ दिया था। इसके बाद टोलकर्मियों को जान से मारने और दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग की थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अनुसंधान के दौरान डीके गुर्जर के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई अवैध पिस्टल बरामद की गई।

भाजपा वह पार्टी, जो जीत और हार के बाद समान रूप से समीक्षा करती है : शेखावत

जयपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद पंचायत चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलना भारतीय जनता पार्टी के लिए आत्मावलोकन का अवसर है। सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ जनता तक पहुंचाने में कहां कमी रह गई? पार्टी इसकी समीक्षा करेगी और जरूरी सुधार भी करेगी। उन्होंने कहा कि यह समीक्षा जमीनी स्तर, जिला स्तर और निर्वाचन क्षेत्र के स्तर पर होगी, और बाद में जयपुर में भी की जाएगी।

रविवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जो जीत और हार दोनों परिस्थितियों में पूरे सम्मान और ऊर्जा के साथ परिणामों की समीक्षा करती है। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता चुनावी परिणामों से निराश होने वाले नहीं हैं। यह वह पार्टी है, जिसने दो सीटों से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने तक का सफर तय किया है। इसलिए किसी एक चुनाव का परिणाम पार्टी के आत्मविश्वास और संकल्प को प्रभावित नहीं कर सकता।

- पंचायतीराज चुनावों के नतीजों पर कहा, पार्टी समीक्षा करेगी और जरूरी सुधार भी करेगी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कामकाज, डिलीवरी और प्रदर्शन को जनता तक पहुंचाने में जहां भी कमी रह गई है। इस पहलू पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। पार्टी यह आकलन करेगी कि सरकार के काम और योजनाओं का संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में कहां चूक हुई। शेखावत ने वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी फिर से सत्ता में वापसी करेगी।

अशोक गहलोत के चौथी बार मुख्यमंत्री पद की दावेदारी से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि यह उनकी पार्टी का विषय है, लेकिन वर्ष 2028 में भाजपा राजस्थान में सरकार रिपीट कर रही है, वर्ष 2034 में यदि उनकी पार्टी ने उनको कोई संकेत दिया है तो उनको निर्णय करना है।

जयपुर पुलिस को 10 नए पेट्रोलिंग वाहन मिले

झोटवाड़ा क्षेत्र के 10 थानों को नए वाहन मिले

जयपुर। जयपुर पुलिस की गश्त व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस थाना करधनी (पश्चिम) परिसर में 10 नए पेट्रोलिंग वाहनों का फ्लैग ऑफ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं पुलिस कमिश्नर जयपुर सचिन मित्तल ने फ्लैग ऑफ कर 10 नए पेट्रोलिंग वाहनों को रवाना किया।

- कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि नए पेट्रोलिंग वाहनों से विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की गश्त व्यवस्था को मजबूती मिलेगी



कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने फ्लैग ऑफ कर वाहनों को रवाना किया।

मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि अपराध नियंत्रण में जयपुर पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 10 थानों को पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं सहयोग से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि नए पेट्रोलिंग वाहनों से विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की गश्त व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे पुलिस की क्षेत्र में निगरानी, अपराध नियंत्रण तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की क्षमता में भी वृद्धि होगी।

इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर, कानून एवं व्यवस्था डॉ. अजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा, उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण सहित जयपुर पश्चिम जिले के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।